डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 25 मई, गुरुवार, 2023

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

## ना डरे हैं, ना डरेंगे, हम लड़ाई लड़ेंगे।







कांग्रेस मुख्यालय पर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ। मोदी सरकार की तानाशाही के विरुद्ध कांग्रेस एकजुट होकर लड़ाई लड़ेगी।


# बिना पहचान पत्र के 2000 का नोट बदलने की आर बी आइ की घोषणा भ्रामक :कांग्रेस

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

आर बी आइ द्वारा 2000 के नोट की छपाई बंद करने , तथा चलन वाले सारे नोट को बदलने की घोषणा के बाद देशभर के बैंको में 23 मई से आमजन जब आर बी आइ के घोषणा के अनुरूप बिना पहचान पत्र के नोट बदलने पहुंचे, तो उन्हें बैंक द्वारा एक फार्म भरने को दिया गया, जिसमे उसका आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आर डी, पासपोर्ट, जॉब कार्ड,में से कोई एक आई डी प्रूफ देने तथा नाम, मोबाइल नंबर देने पर ही नोट बदलने की बाते बैंक के कर्मचारियों द्वारा कहने पर आमजन आक्रोशित हो कर अखबार एवम् टी वी चैनल में आर बी आइ, तथा सरकार द्वारा आई बाते की बिना कोई आई डी प्रूफ के कोई 2000 का नोट बैंक के काउंटर से बदल सकता है, जो पूरी तरह भ्रामक सिद्ध हो रहा है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, सादुल्लाह फारूकी, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, प्रद्युमन दुबे, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, बिपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, अशोक राम, आदि ने कहा की आखिर केंद्र सरकार, आर बी आइ अखबारों में भ्रामक बाते कर आमजन को परेशान क्यों करती है।

नेताओ ने कहा की देशभर में कितने ऐसे गरीब, मध्यवर्गीय परिवार के ऐसे लोग है, जो दो, चार दो हजार के नोट बक्से में छिपा कर रखे है, जिनका खाता किसी बैंक में नहीं है, वैसे लोग बहुत खुश थे की नोट बदलने में कोई आई डी, कागज, नाम , मोबाइल नंबर दिए बिना ही काम हो जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं होने से इनमे भयानक आक्रोश है।









नेताओ ने कहा की आर बी आइ, तथा केंद्र सरकार द्वारा पारदर्शी बातो की घोषणा दैनिक अखबार तथा टीवी चैनल पर करनी चाहिए ना की भ्रामक और झूठी घोषणा। नेताओ ने कहा की नोट बदलने की घोषणा आर बी आइ द्वारा हुआ, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है, जिस तिथि को बढ़ाने की घोषणा शायद वित्त मंत्री करेंगे, तथा हो सकता है की अंतिम आगे की और घोषणा प्रधानमंत्री करेंगे ?

भवदीय
विजय कुमार मिठू



पीएम मोदी अपनी 'आभासी छवि' का महिमामंडन करने के लिए नई संसद के उद्घाटन से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को दूर रखकर सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान कर रहे है। पीएम मोदी जान लें– संसद ईंटों से नहीं बनती, संसद बनती है– संवैधानिक मूल्यों से। पीएम मोदी संवैधानिक मूल्यों का हनन करना बंद करें।




न लाल आंख, न 56 इंच आखिर किस बात का है इंतजार

# टीएचडीसी ने 1 माह के अंतर्गत दीनगांव खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो होगा बड़ा आंदोलन : राकेश राणा

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने टीएचडीसी को एक पत्र लिखकर उनसे 1 माह के अंतर्गत प्रताप नगर प्रखंड के उपली रमोली मध्य दीन गांव में चाकला नामे तोक में खेल मैदान निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की

उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में चाकला नामे तोक में युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल मैदान बनाया गया था जिस पर टीएचडीसी सीएसआर प्रशासन के द्वारा ग्रामसभा से समझौता कर हॉस्पिटल के लिए भवन बनाया जा रहा है।

ग्राम सभा से समझौता कर की इसके बदले दूसरे स्थान पर खेल मैदान बना कर दिया जाएगा लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्धारित शर्तों के अनुसार खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया इसके लिए उन्होंने उच्चाधिकारियों से वार्ता की उन्होंने कहा पूर्व निर्धारित वार्ता अनुसार एक माह के अंतर्गत खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू किया जाए अन्यथा की स्थिति में



टीएचडीसी के खिलाफ खेल प्रेमियों नौजवानों द्वारा आंदोलन किया जाएगा । उन्होंने टीएचडीसी सीएसआर प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नियमानुसार सीएसआर मद को टिहरी बांध के केचमेंट एरिया के साथ–साथ बांध से प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च किया जाना चाहिए था लेकिन विभाग द्वारा उस पैसे का अपने सगे संबंधियों की संस्थाओं के माध्यम से बंदरबांट की जा रही है । ग्राम सभा के प्रधान नरेंद्र सिंह कैंतूरा ने कहा कि टीएचडीसी सीएसआर प्रशासन के साथ पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार भूमि की संपूर्ण पत्रावली राजस्व विभाग के माध्यम से विभाग को जमा करने के बाद भी टीएचडीसी सीएसआर विभाग के द्वारा कई बार आश्वासन देने के बाद भी खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है लेकिन अब एक माह के अंतर्गत खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो पूर्व खेल मैदान पर निर्माणाधीन हॉस्पिटल भवन का कार्य रोक दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी टीएचडीसी सीसीएसआर प्रशासन की होगी।

---




सूचना

वैशाली जिला कांग्रेस कमिटि के सभी सदस्यो,प्रदेश प्रतिनिधियो, प्रखंड अध्यक्षो ,कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं समर्थक को सूचित किया जाता है कि

26/05/2023 को अच्छे दिन की पुण्यतिथि ( वर्तमान केन्द्र सरकार के वादा खिलाफी के कारण ) मनायी जायगी। अतः आप महानुभावो से निवेदन है कि उपरोक्त तिथि पर गांधी चौक हाजीपुर, गांधी मूर्ति के सामने 9:30 बजे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाइए।

स्थान : गांधी चौक हाजीपुर
तिथि : 26/05/2023 ,शुक्रवार
समय : 9:30 सुबह
आयोजन कर्ताः वैशाली जिला कांग्रेस कमिटी।
निवेदक
महेश प्रसाद राय,
जिलाध्यक्ष, वैशाली जिला कांग्रेस कमिटी, हाजीपुर



आज जयनगर थाना परिसर में रैपिड एक्शन फोर्स मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में एक शांति समिति की बैठक की गई। इस शांति समिति के बैठक में आपसी सौहार्द एवं सुखमय वातावरण बनाने के लिए एवं शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए इस विषय पर चर्चा की गई। जयनगर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते मुझे भी इसमें शामिल होने का मौका मिला।

# भारतीय जनता पार्टी की गंदी राजनीति ने संवैधानिक पदों की गरिमा को तो गिराया ही है साथ में बिहार की उच्च शिक्षा को बुरी तरह से प्रभावित किया है

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण\

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी की गंदी राजनीति ने संवैधानिक पदों की गरिमा को तो गिराया ही है साथ में बिहार की उच्च शिक्षा को बुरी तरह से प्रभावित किया है। राजभवन और राज्यपाल से ये अपेक्षा की जाती है कि दलीय भावना से उपर उठकर ये जनहित में फैसले लेंगे, लेकिन लगातार ऐसा देखा जा रहा है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में भाजपा नेताओं की मर्जी चल रही है और ये सब कुछ राजभवन खामोशी से देख रहा है। बिहार के प्रसिद्ध आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में लगभग चार वर्षों से स्थायी कुलपति की नियुक्ति राजभवन द्वारा नहीं की जा रही है। इतने बड़े विश्वविद्यालय को एक ऐसे प्रभारी कुलपति के हवाले कर दिया गया है जो भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोपी हैं। पूरा राज्य ये जानता है कि भ्रष्टाचार के एक आरोपी को भाजपा के इशारे पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का प्रभारी कुलपति बनाया गया। विश्वविद्यालय के हजारों छात्रों के भविष्य के साथ इससे बड़ा मजाक क्या होगा कि वर्ष 2020 से लेकर वर्ष 2022 तक विश्वविद्यालय के कुलपति के लिए कुल चार विज्ञापन प्रकाशित किये जा चुके हैं बावजूद इसके राजभवन द्वारा मामले को लटकाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ये जानना चाहती है कि क्या बिना किसी के निजी हित के ऐसा संभव हो सकता है कि चार–चार विज्ञापनों के बावजूद कुलपति की नियुक्ति न हो। कांग्रेस पार्टी ये भी जानना चाहती है कि क्या राजभवन और राज्यपाल एक पार्टी विशेष के नेताओं को खुश रखने का केन्द्र बन गये हैं। एक पूरे विश्वविद्यालय की साख खतरे में है। हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायतें लगातार आ रही हैं और राजभवन क्या बिना दबाव के चुप है?

मौजूदा राज्यपाल से लेकर पूर्व के राज्यपालों की इस मामले में भूमिका क्या संदिग्ध नहीं लगती? ऐसे में कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि कुलपति नियुक्ति मामले में हुई देरी की निष्पक्ष जाँच राजभवन ही करवाये और प्रदेश की जनता के सामने तथ्य सामने रखे ताकि विश्वविद्यालय और राजभवन की साख बची रहे।

**असित नाथ तिवारी**
**प्रवक्ता, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**

## बिहार संघर्ष से ही साधन और संसाधन बनाना जानता है : अमित

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

सिविल सेवा परीक्षा के सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई हो बिहार के उन बेटियों को जिन्होंने बिहार का पंचम पहले और दूसरे स्थान पर लहराया। बिहार संघर्ष की रणभूमि है, जिसमें से कर्मठ योद्धा ही निकलते हैं, इस संघर्ष की रणभूमि में जो अपने आप को स्थापित कर लेता है वह देश क्या पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। बिहार वह प्रकाशपुंज है, जिसे कितनी बार गरीबी, भाषा, अपमान के अंधकार से ढकने का प्रयास किया गया, मगर वह अंधकार को अपनी प्रतिभा के किरण से हर बार मिटा देता है। देश ही नहीं विश्व भी बिहार को अपना गुरु मानती है। जहां ज्ञान बुद्ध को मिला, 80 साल के बाबू वीर कुंवर सिंह अंग्रेजों से लोहा ले लिय गुलामी के खिलाफ, जहां आर्यभट्ट जैसे विद्मान हुए, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक जैसे योद्धा हुआ, चाणक्य जैसे कूटनीतिक हुऐ, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसे राजनेता हुऐ, हमारा बिहार संघर्ष को ही साधन और संसाधन बनाना जानता है,

बिहार ने अपने आपको हर कालखंड में अपने तेज और प्रतिभा को सिद्ध किया है, भारत को विश्व गुरु बनाने की नींव ही बिहार से शुरू होती है। हमें गर्व है बिहार पर....

अमित कुमार
बिहार प्रदेश कांग्रेस

## भारत सत्याग्रह यात्रा सभा का कार्यक्रम अब 30 मई को होगा

मान्यवर,

आप सभी कांग्रेस के साथियों को सूचित किया जाता है कि जय भारत सत्याग्रह यात्रा सभा का कार्यक्रम जो दिनांक 28 –5–2023 को आयोजित करना था उसे रविवार का दिन होने के कारण निरस्त किया जा रहा है। चुकी सभा के अंत में महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सात सुत्री स्मार पत्र भी जिला पदाधिकारी के माध्यम से देना है इसलिए सरकारी कार्य दिवस के दिन दिनांक 30–05–2023 मंगलवार को इस कार्यक्रम को करने का दिशा–निर्देश मिला है। इसलिए आप सभी साथि कांग्रेस कार्यालय केदार आश्रम बेतिया में 10–30 बजे पहुंचे जहां से हमारी यात्रा शुरूहोगी। लालबाजार होते हुए समाहरणालय के पास पहुंचना है जहां सभा का आयोजन किया जाएगा, तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति स्मार पत्र दिया जाएगा।

शुभकामनाओं के साथ
शेख कामरान
पूर्व जिलाध्यक्ष
पश्चिम चम्पारण।








# नाले पे बने सब्जी वाले ओर आसपास के सब लोग वहा कचरा डाल रहे है जिससे ट्रांसफर ने आग पकड़ ली

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

वार्ड 80 केशवपुरा में आये दिन पुलिया वाले नाले पर रोज विधुत ट्रांसफर पे आग लगती है , कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि बहुत बार क्षेत्रवासियों ने स्थानीय वार्ड पार्षद को नाले की सफाई और कचरे को रोक लगाने की बहुत बार कहा ,फिर भी पार्षद की तरफ से कोई कार्यवाही नही हुई और आसपास के सारे सब्जी वाले नाले पे बने सब्जी वाले ओर आसपास के सब लोग वहा कचरा डाल रहे है जिससे ट्रांसफर ने आग पकड़ ली ,मोके पर पारस वर्मा ने फायर बिग्रेड ओर विधुत विभाग के अधिकारियों को बुलाकर आग पर काबू पाया, पारस वर्मा ने बताया कि इतना बडा नाला होने पर भी नाला सिर्फ कचरा डालने में काम आ रहा है,वार्ड पार्षद द्वारा सफाई तक भी नही की जाती नालों की जिससे नाले उफान पे आ जाता है और हर




साल बाढ़ आती है,ट्रान्सफर में आग लगने से बहुत बड़े क्षेत्र तक आग फ़ैली जिससे आस पास भय का माहौल हो गया,विधुत विभाग बहुत देर से आने पर लोगो मे बहुत नाराजगी जताई,क्षेत्र से गोपाल पंडित जी,ठेकेदार जी,महेश जी,रामदयाल जी उपस्थित रहे






# झूठ 04: 'चीन को लाल आंख' की हकीकत

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




किसी दौर में श्री नरेंद्र मोदी जी चीन को लाल आंख दिखाने की बात करते थे। मगर प्रधानमंत्री बनने के बाद लाल आंख दिखाने की जगह लाल शर्ट पहनकर चीन का स्वागत करते हैं। ऐसा करके प्रधानमंत्री जी न केवल देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि हमारे देश के वीर जवानों का भी अपमान करते हैं।


चीन हमारे क्षेत्रों में घुसकर अवैध कब्जा करता है, हमारे जवानों को धमकाता है। मगर मोदी जी चीन को सबक सिखाने की जगह 'न कोई हमारी सीमा में घुसा, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्जे में है' कहकर चीन को क्लीनचीट दे देते हैं।

चीन दिनों–दिन मनबढ़ होता जा रहा है। सीमा पर उसकी हरकतें भारत को चुनौती देने वाली होती हैं, मगर सरकार मुहंतोड़ जवाब देने की जगह तमाशा देखती रहती है। ऐसा लगता है कि चीन से निपटने के लिए सरकार के पास कोई ठोस प्लान नहीं है। इसी का फायदा चीन लगातार उठा रहा है।

बीते दिनों चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों का नाम बदल दिया। चीन पर कार्रवाई करने की जगह सरकार देश को ही गुमराह करती रही। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि 'सुई की नोक जितनी जमीन भी कोई नहीं ले सकता' जबकि पूरा देश जान चुका था कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में अपने दो–दो गांव बसा लिए। समझौते के एवज में मोदी सरकार चीन को भारतीय क्षेत्र के अंदर बफर जोन बनाने के लिए सहमत होकर गलवान, पैंगोंग त्सो, गोगरा पोस्ट और हॉट स्प्रिंग्स में कई क्षेत्र सौंप चुकी है। तीन साल से अधिक समय से हजारों वर्ग किमी के क्षेत्र वाले देपसांग मैदानों में भारतीय सेना को पेट्रोलिंग करने से रोक दिया गया है। भारतीय सेना को देपसांग में वापस पेट्रोलिंग करने का अधिकार कब मिलेगा, इसका कुछ नहीं पता। चीन के पीछे हटने की बात तो दूर अब चीन देपसांग के भारतीय क्षेत्र के काफी अंदर एक ₹बफर जोन₹ बनाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा चीन द्वारा तवांग अरुणाचल प्रदेश में भी कब्जा करने का प्रयास किया गया था। चीन हमारी वास्तविक सीमा में काफी भीतर तक पहले ही घुसपैठ कर चुका है।

अब ताजा मामला है कि चीन उत्तराखंड में नीती दर्रा के नजदीक सड़क निर्माण के अलावा सैन्य ढांचों का निर्माण कर रहा है, जो कि भारत के लिए एक खतरा साबित हो सकता है। इतना सब होने के बावजूद प्रधानमंत्री चीन का नाम लेने से डरते हैं। सरकार के पास व्यापक रणनीति और सामयिक कार्रवाई की क्षमता का अभाव है, जो कि देश की संप्रभुता के लिए बेहद खतरनाक है। लेकिन झूठ के दम पर सत्ता तक पहुंचने वाली सरकार के लिए न तो देश की छवि मायने रखती है, न ही भारत की संप्रभुता। चीन के रोजाना उकसावे के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी कब खत्म होगी, देश इसका इंतजार कर रहा है। बाकी चीन पर मोदी सरकार के दावे और हकीकत को इस देश की जनता देख रही है। सरकार गुमराह करके सच को भले ही दबा दे, मगर जनता सरकार का 'काला सच' जान चुकी है।





अलवर नीमराना में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के चुनाव प्रचार एवं प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में का हुआ आयोजन, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, अक्ऊउ महासचिव भँवर जितेंद्र सिंह, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, कांग्रेस नेत्री कविता यादव, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, विशाल यादव रहे मौजूद, सेवादल के महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंजली यादव थी कार्यक्रम संयोजक

